न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बामनवास जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी श्री मनीष कुमार जाटव आर०ए०एस०

मु० नम्बर 28 / 2025 राजस्व प्रार्थना पत्र

उनवान

1. गिरजी पुत्र रामेत जाति मीना निवासी बामनवास पट्टीखूर्द तहसील बामनवास

—प्रार्थी

बनाम

1. लेण्ड होल्डर जरिये तहसीलदार बामनवास

—अप्रार्थी

वकील प्रार्थीगण— **लक्ष्मीकांत शर्मा**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम

निर्णय

दिनांक :— 3-6-26

प्रार्थी की और से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज०भू०राज० अधिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आराजी हाल खसरा नम्बर 7458 रकबा 1.22 है0 स्थित ग्राम बामनवास पट्टीखूर्द तहसील बामनवास है, जिसकें प्रार्थी ही एकमात्र खातेदार काश्तगार है, अन्य किसी दीगर व्यक्ति का उपरोक्त भूमि से कोई संबंध या वास्ता नहीं है। यह कि उपरोक्त आराजी को प्रार्थी ही वहैसियत खातेदार काबिज रहकर काश्त करते चले आ रहे है। तथा लगान सरकारी अदा करते चले आ रहे है। अन्य किसी दीगर व्यक्ति का इस भूमि से कोई संबंध, ताल्लुक, वास्ता नहीं है। यह कि प्रार्थी की मेड़ को पड़ौसी खातेदार आये दिन खरतकर प्रार्थीगण की भूमि को अपनी भूमि में दबाने की नीयत रखते है जिसके चलते प्रार्थीगण को अपनी भूमि की डोल मेड़ के संबंध में पडौसी खातेदारान से आये दिन विवाद का सामना करना पड़ता है। प्रार्थी अपनी भूमि का सीमाज्ञान भी करा चुके है। फिर भी पडौसी खातेदारान आये दिन विवाद करते रहते है। जिससे प्रार्थी को मानसिक परेशानी का सामना करना पडता है। जिससे आये दिन पड़ौसियों से झगड़े की संभावना बनी रहती है। आये दिन पडौसी खातेदारों से होने वाले विवादों के दृष्टिगत रखते हुये प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र के मद संख्या 1 में वर्णित अपनी आराजी का सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगढ़ी करवाना चाहते है जिससे कि प्रार्थी को अपनी भूमि के संबंध में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। अनावश्यक विवादों से बचने के लिए पत्थरगढ़ी करवाया जाना कानूनन व न्यायहित में आवश्यक है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर अप्रार्थी लेण्ड होल्डर तहसीलदार बामनवास को आदेश दिया जावे कि वह टीम गठित कर आराजी हाल खसरा नम्बर 7458 रकबा 1.22 है0 स्थित ग्राम बामनवास पट्टीखूर्द तहसील बामनवास की पत्थरगढ़ी करवाये जाने का आदेश फरमाया जावें।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 128 राज०भू०राज० अधिनियम 1956 पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थीगण की और से अपने खाते की नकल जमाबंदी एवं तहसीलदार बामनवास की और से प्राप्त जवाब का अवलोकन किया गया। जमाबन्दी सम्वत् 2073 से 2076 ग्राम बामनवास पट्टीखूर्द पटवार मण्डल बामनवास पट्टीखूर्द डी भू.अ.निरीक्षक क्षैत्र बामनवास पट्टीखूर्द तहसील बामनवास में स्थित आराजी हाल खसरा नम्बर 7458 रकबा 1.22 है0 स्थित ग्राम बामनवास पट्टीखूर्द तहसील बामनवास स्थित भूमि प्रार्थीगण के नाम दर्ज होकर है। प्रार्थी

उपजिला कलक्टर
बामनवास (स०मा०)